भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.518
जिसका उत्तर शुक्रवार, 04 फरवरी, 2022 को दिया जाना है

भारतीय विधिक सेवाओं में रिक्तियां

518. **श्री तालारी रंगैय्या :**

श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ :

क्या **विधि और न्याय मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संज्ञान लिया है कि भारतीय विधिक सेवाओं में लगभग 50 प्रतिशत पद रिक्त हैं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) क्या सरकार ने संबंधित एजेंसियों जैसे डीओपीटी, यूपीएससी और एसएससी के साथ इस संबंध में परामर्श किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और इन रिक्तियों को समयबद्ध तरीके से भरने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) : वर्तमान में भारतीय विधिक सेवा संवर्ग में 157 में से लगभग 64 पद रिक्त हैं, जो भारतीय विधिक सेवा संवर्ग के कुल संवर्ग संख्या का 41% है। इन रिक्तियों में से प्रोन्नति कोटा के अधीन आने वाली रिक्तियों को भरने के लिए डीपीसी प्रस्तावों को नियमित रुप से यूपीएससी के पास भेजी जाती हैं, जो नियुक्तियों की सिफारिश करने के लिए नोडल प्राधिकारी है। शीघ्रतापूर्वक इन रिक्तियों को तीव्रता से भरने के लिए नियमित आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाते हैं।

****